विभिन्न टाइम होराइज़नों के लिए निवेश

आपका टाइम होराइज़न समय की वो लंबाई है जिस में आप अपना पैसा निवेश करने की उम्मीद करते हैं। आपके पोर्टफोलियो में अलग-अलग टाइम होराइज़नों के लिए निवेश का संयोजन हो सकता है। यहां 3 सैंपल टाइम होराइज़न और कुछ निवेश हैं जो प्रत्येक के लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

टाइम होराइज़न	क्या ध्यान में रखना है	विचार करने के लिए निवेश
5 साल से कम उदाहरण:कार, छुट्टी या घर के लिए डाउन पेमेंट के लिए बचत	आप चाहते हैं कि आपका पैसा बढ़े, लेकिन अगर आपको खराब परिणाम मिलते हैं, तो आपके पास अपने नुकसान को वापस पूरा करने का समय नहीं होगा। विचार करें: कम जोखिम वाले निवेश जिन्हें नकदी में बदलना आसान है।	• उच्च ब्याज वाले बचत खाते • जीआईसी (GICs) • सेविंग बान्ड • मुद्रा बाजार फंड
5 से 10 साल के बीच उदाहरण:आपके बच्चे की शिक्षा या दूसरी संपत्ति के लिए बचत	आप चाहते हैं कि आपका पैसा बढ़े और आप जानते हैं कि आपके पास इसकी आवश्यकता होने से पहले कुछ साल हैं। विचार करें: अधिक विकास क्षमता और मध्यम स्तर के जोखिम वाले कुछ निवेश।	• बान्ड • स्टॉक • इक्विटी म्यूचुअल फंड
10 साल से अधिक दूर उदाहरण: सेवानिवृत्ति	आप जानते हैं कि आपके पास नकदी की आवश्यकता होने से पहले कई साल हैं। यदि आपके नुकसान हैं, तो आपके पास उन्हें पूरा करने का समय है। साथ ही, यह पैसा भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। संभव है कि आप बहुत अधिक जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। विचार करें: मध्यम से उच्च विकास क्षमता वाले कुछ निवेश और मध्यम से उच्च स्तर का जोखिम।	• म्यूचुअल फंड सहित इक्विटी फंड, सेग्रीगेटिड फंड और एक्सचेंज ट्रेडिड फंड (ETFs) • स्टॉक • संपूर्ण जीवन के लिए बीमा

आपकी टाइम होराइज़न रणनीतियाँ आपकी व्यक्तिगत वित्तीय परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित की जानी चाहिए। एक पंजीकृत वित्तीय प्रतिनिधि आपके लक्ष्यों तक पहुंचने में आपकी सहायता के लिए निवेश अनुशंसाएं प्रदान कर सकता है।

GetSmarterAboutMoney.ca पर और जानें

Ontario Securities Commission
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
Tel: 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca

OSC ONTARIO SECURITIES COMMISSION | Get Smarter About Money.ca | Ontario